प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 26.03.2026 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क्स ऑफ इंडिया के गोरखपुर सेंटर का किया उद्घाटन : कहा– यह पार्क युवाओं को नवाचार, स्टार्टअप और रोजगार के नये अवसर करेगा प्रदान।
2. प्रदेश के कई जिलों में पेट्रोल, डीजल और गैस की कमी को लेकर फैल रही अफवाहों पर सरकार ने ध्यान नहीं देने की अपील की : आपूर्ति व्यवस्था की हो रही है सख्त निगरानी।
3. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 28 मार्च को प्रदेश के जेवर में नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के पहले चरण का करेंगे उद्घाटन : जनसभा को करेंगे संबोधित। और
4. चैत्र नवरात्रि की अष्टमी पर प्रदेश के शक्तिपीठों और देवी मंदिरों में गूंज रहे है माता के जयकारे : अयोध्या के श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में कल रामनवमी पर भव्य आयोजन की तैयारी।

———————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण–गीडा में सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क्स ऑफ इंडिया–एसटीपीआई के गोरखपुर सेंटर का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि

यह टेक्नोलॉजी पार्क युवाओं को नवाचार, स्टार्टअप और रोजगार के नए अवसरों से जोड़ने वाला सशक्त मंच सिद्ध होगा तथा प्रदेश को डिजिटल विकास और टेक्नोलॉजी आधारित अर्थव्यवस्था की दिशा में नई गति प्रदान करेगा। बाइट.....

*यहां के युवाओं के सपनों को एक नई उड़ान देने के लिए देश के स्वस्थ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने जिस सॉफ्ट स्किल को एक नई प्लेटफार्म उपलब्ध करवाया है। उस प्लेटफार्म की एक महत्वपूर्ण कड़ी है इस सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क और देश और दुनिया में जहां कहीं भी इस सॉफ्टवेयर की टेक्नोलॉजी आज अपनी धमक दिखा रही है। उसके पीछे यही मॉडल सब जगह सफल हुई है।*

मुख्यमंत्री ने कहा कि 15 अप्रैल को गोरखपुर में पूर्वी उत्तर प्रदेश के पहले सेंटर आफ एक्सीलेंस का शुभारंभ भी हो जाएगा। यह सेंटर आफ एक्सीलेंस महाराणा प्रताप इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी में बना है।

पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि युद्ध लंबा खिंचा, तो हर व्यक्ति प्रभावित होगा। हमें मानसिक रूप से इसके लिए तैयार रहना होगा। उन्होंने लोगों से अफवाहों पर ध्यान नहीं देने की अपील की। बाइट.....

*अफवाहों पर ध्यान नहीं देना होगा। जब आपत्ति आती है, कोई चुनौती आती है, चुनौती का मुकाबला करने के लिए व्यक्ति को सरकार के साथ मिलकर के कदम से कदम मिलाकर के चलने के लिए अपने आप को तैयार करना होगा। यही सच्ची राष्ट्रभक्ति होती है।*

———————————

पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच प्रदेश के कई जिलों में पेट्रोल, डीजल और गैस की कमी को लेकर फैल रही अफवाहों पर नियंत्रण के लिए सरकार सख्त हो गई है। लखनऊ, गोरखपुर, वाराणसी, प्रयागराज, चित्रकूट और बस्ती सहित विभिन्न जिलों में आज पेट्रोल पंपों पर लोगों की लंबी कतारें देखी गई, कई स्थानों पर पुलिस को आकर स्थिति संभालनी पड़ी। सुल्तानपुर मे जिलाधिकारी कुमार हर्ष के निर्देश पर जिला आपूर्ति अधिकारी ने कई पेट्रोल पंपो और गैस एजेंसियों पर छापेमारी कर ईधन स्टॉक और आपूर्ति व्यवस्था की जाच की।

अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि जिलों में पेट्रोल, डीजल और घरेलू गैस की कोई कमी नहीं है, पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध हैं। जिला आपूर्ति अधिकारी ने लोगों से अपील की है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और घबराकर ईंधन की खरीददारी ना करें। किसी भी समस्या पर कंट्रोल रूम के नंबर पर संपर्क किया जा सकता है।

———————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 28 मार्च को प्रदेश के जेवर में नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के पहले चरण का उद्घाटन करेंगे। इसे लगभग 11 हजार दो सौ करोड़ रुपये की लागत से विकसित किया गया है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री जनसभा को संबोधित करेंगे, उनके आगमन के

मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था के विशेष इंतजाम किये जा रहे है। एक रिपोर्ट....

*नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा, भारत की सबसे बड़ी ग्रीनफील्ड हवाई अड्डा परियोजनाओं में से एक है। इस हवाई अड्डे का उद्घाटन, भारत के वैश्विक विमानन केंद्र बनने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह हवाई अड्डा उन्नत कार्गो प्रणाली से सुसज्जित है। इससे प्रति वर्ष ढाई लाख मीट्रिक टन माल की ढुलाई की जा सकेगी, जिसे लगभग 18 लाख मीट्रिक टन तक बढ़ाया जा सकता है। यह हवाई अड्डा अंतराष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के लिये एक प्रमुख अतंर्राष्ट्रीय प्रवेश द्वार के रूप में कार्य करेगा, क्षेत्रीय और वैश्विक कनेक्टिविटी को नई ऊंचाइयों तक ले जायेगा। तकनीकी दृष्टि से भी यह हवाई अड्डा अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस है। विशाल धर दुबे, आकाशवाणी समाचार, गौतमबुद्ध नगर।*

————————

वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि पिछले 9 वर्षों में वाराणसी में आर्थिक, सामाजिक और भौतिक ढांचे में व्यापक बदलाव हुए हैं। श्री खन्ना ने वाराणसी में आयोजित पत्रकार वार्ता में कहा कि 35 हजार करोड़ रूपए से अधिक की लागत वाली परियोजनाएं पूरी हो गई है, जबकि कई अन्य बड़ी परियोजनाएं निर्माणाधीन हैं। उन्होंने बताया कि स्मार्ट सिटी के तहत इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर, 720 स्थानों पर सर्विलांस कैमरे, शॉपिंग और पार्किंग सुविधाएं विकसित की गईं, जबकि स्वास्थ्य के क्षेत्र में 1800 करोड़ रूपए की 43 परियोजनाएं पूरी हुईं, जिनमें कैंसर इंस्टीट्यूट और सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल भी शामिल हैं। इससे पहले एक अन्य कार्यक्रम में मंत्री सुरेश खन्ना ने

विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को लाभान्वित किया।

बाइट.....

*लोग बनारस को एक मॉडल शहर के रूप में देखने आते हैं। जिस दिन से मोदी जी आए ₹53,000 करोड़ की परियोजना है, जिसमें से बड़े पैमाने पर योजनाएं पूर्ण हो चुकी है। लोगों को उसका आनंद मिल रहा है। लोग उसको उपभोग कर रहे हैं। लोग उससे लाभान्वित हो रहे हैं।*

————————

**ब्रेक**

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

————————

नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने भदोही में प्रदेश सरकार के नौ वर्ष पूरा होने पर आयोजित कार्यक्रम में कहा कि 2047 तक विकसित भारत के निर्माण के लिये जनभागीदारी आवश्यक है और प्रत्येक व्यक्ति का संकल्प ही देश की प्रगति का आधार बनेगा।

इससे पहले ऊर्जा मंत्री ने वाराणसी में विद्युत विभाग के कार्यों की विस्तृत समीक्षा बैठक की। इस दौरान उन्होंने गर्मी के मौसम को देखते हुए अधिकारियों को सभी विद्युत

उपकेंद्रों पर आवश्यक उपकरणों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करन के निर्देश दिए।

——————————

चैत्र नवरात्र के आठवें दिन आज प्रदेश के शक्तिपीठों और देवी मंदिरों में मां महागौरी की पूजा अर्चना की जा रही है। मिर्जापुर के मां विन्ध्यवासिनी, वाराणसी के मंगला गौरी मंदिर और जौनपुर के शक्तिपीठ चौकिया धाम में श्रद्धालु सुबह से ही पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि की कामना कर रहे हैं। बलरामपुर के देवीपाटन शक्तिपीठ पर लोग धार्मिक अनुष्ठान भी सम्पन्न करवा रहे हैं। वहीं शामली के सिद्धपोठ आट्ठे वाला मंदिर में भी माता के जयकारे गूंज रहे हैं। इटावा में सिद्धपीठ कालिका देवी मंदिर पर झंडा चढ़ाने के लिये श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। यह सिलसिला नवमी और दशमी तक चलता रहेगा।

लोगों ने घरों में हवन, प्जन कर कन्याओं को भोज कराया। कई जिलों में आज रामनवमी का पर्व भी हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है, जबकि अयोध्या में श्री रामजन्मोत्सव का भव्य आयोजन श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में कल किया जायेगा।

——————————

अयोध्या में रामनवमी के पावन अवसर पर श्री राम जन्मभूमि मंदिर में भव्य आयोजन की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। आज परकोटे में स्थित भगवान सूर्य देव के मंदिर के शिखर पर विधि–विधान के साथ ध्वजारोहण किया गया। मंदिर प्रशासन के अनुसार रामनवमी पर मंदिर पूरे दिन श्रद्धालुओं के लिए खुला रहेगा। श्रीराम जन्मोत्सव पर सूर्य तिलक का विशेष कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा, जिसे लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है। बाइट.....

*रामनवमी पर श्री राम जन्मभूमि मंदिर में सुबह 6 बजकर 30 मिनट से विशेष अनुष्ठान शुरू होंगे और दोपहर ठीक 12 बजे भगवान रामलला का जन्मोत्सव मनाया जाएगा, इस दौरान "सूर्य तिलक" का दिव्य दृश्य देखने को मिलेगा जब सूर्य की किरणें सीधे रामलला के ललाट पर पड़ेंगी और इसका प्रसारण अयोध्या के कई स्थानों पर एलईडी स्क्रीन पर भी किया जाएगा, भगवान को 56 भोग अर्पित किए जाएंगे और मंदिर परिसर में बधाई गान व फूल बंगला झांकी श्रद्धालुओं को आकर्षित करेंगी, श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं और शाम होते ही पूरा मंदिर परिसर भव्य रोशनी से जगमगा उठेगा। तन्मय सोनी, आकाशवाणी समाचार, अयोध्या।*

———————————

उन्नाव, इटावा, देवरिया, जौनपुर और भदोही सहित कई जिलों में मिशन शक्ति के पांचवे चरण के तहत आज रन फॉर इम्पॉवरमेंट जागरूकता दौड़ का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में महिला पुलिसकर्मियों और स्कूली बच्चों के साथ लोगों ने भाग लिया। अभियान के तहत महिलाओं को सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के प्रति

जागरूक किया गया, साथ ही हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी भी दी गई। वहीं अमरोहा और बस्ती जिलों में अभियान के तहत महिलाओं को जागरूक करने के साथ विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी गई।

(समाप्त)